संख्या 9564/चालीस—रा0 एकी0—78

प्रेषक

श्री नरेन्द्र बिहारी लाल,
आयुक्त एवं सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन,

सेवा में,

उत्तर प्रदेश के समस्त विभागाध्यक्ष,
डिवीजन्स के आयुक्त, जिला अधिकारी,
जिला तथा सेशन्स न्यायाधीश और अन्य
प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष ।

लखनऊ, दिनांक 15 अक्तूबर, 1978

विषय:—प्रदेश के राजपत्रित एवं अराजपत्रित कर्मचारियों के लिए वर्ष 1978—79 में उर्दू की वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा का आयोजन ।

महोदय,

शासनादेश संख्या-3727/रा0 एकी0-141, दिनांक 9 दिसम्बर, 1977 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पूर्व की भांति वर्ष 1978—79 में भी प्रदेश के राजपत्रित एवं अराजपत्रित अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए उर्दू की वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा का आयोजन जनवरी, 1979 के प्रथम पखवारे में रजिस्ट्रार, विभागीय परीक्षाएं इलाहाबाद के माध्यम से किया जा रहा है । इस परीक्षा में राज्य के वे ही अधिकारी एवं कर्मचारी भाग ले सकेंगे जिन्होंने हाई स्कूल की परीक्षा या उससे उच्च कोई परीक्षा उर्दू विषय लेकर पास न की हो । अतः अनुरोध है कि कृपया अपने अधीनस्थ समस्त राजपत्रित एवं अराजपत्रित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस स्थिति से अवगत करा दें । परीक्षा में भाग लेने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रार्थना-पत्र अपनी संस्तुति सहित कि उन्होंने हाई स्कूल स्तर तक की उर्दू का अध्ययन कर लिया है, रजिस्ट्रार, विभागीय परीक्षाएं, इलाहाबाद को 15 नवम्बर, 1978 तक अवश्य भेज दें ।

2—उपरोक्त परीक्षा की तिथि एवं स्थान की सूचना यथासमय, रजिस्ट्रार, विभागीय परीक्षाएं, इलाहाबाद द्वारा परीक्षार्थियों को सीधे भेजी जायेगी ।

3—परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को शासनादेश सं0 7370/रा0 एकी0, दिनांक 5 जनवरी, 1977 के अनुसार तैनाती के स्थान से परीक्षा केन्द्र तथा परीक्षा केन्द्र से तैनाती के स्थान तक यात्रा करने के लिये यात्रा भत्ता अधिकतम तीन दिन तक के लिये दैनिक भत्ता नियमानुसार देय होगा ।

4—परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये प्रार्थना-पत्र का प्रारूप तथा पाठ्यक्रम संलग्न है ।

भवदीय,
एन० बी० लाल,
सचिव ।

संख्या 9564 (1)/चालीस—रा0 एकी0—78, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—

1—सचिवालय के समस्त विभाग ।
2—सचिवालय के समस्त अधिकारी ।
3—उप शिक्षा निदेशक (उर्दू), शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
4—रजिस्ट्रार, विभागीय परीक्षाएं, इलाहाबाद ।

आज्ञा से,
गुलाम हुसैन जैदी,
उप सचिव ।

पाठ्य-क्रम

लिखित परीक्षा

प्रथम प्रश्न-पत्र

1—अनुवाद—उर्दू से अंग्रेजी/हिन्दी	20
2—अनुवाद अंग्रेजी/हिन्दी से उर्दू में अनुवाद	20
3—उर्दू भाषा के गद्य तथा पद्य खण्ड को साधारण उर्दू भाषा में लिखना	40
4—अंग्रेजी के प्रशासनिक शब्दों का उर्दू अनुवाद	10
5—सामान्य उर्दू कहावतों का वाक्यों में प्रयोग	20
योग ..	110

द्वितीय प्रश्न-पत्र

1—उर्दू में लेख	40
2—मौखिक परीक्षा—	
(अ) उर्दू का छपा हुआ या साइक्लोस्टाइल किया हुआ गद्य खण्ड का पढ़ना	30
(ब) प्रशिक्षक के साथ उर्दू में वार्तालाप करना	20
कुल योग ..	200

1977–78

उर्दू की वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा का आवेदन-पत्र

(अभ्यर्थी अपने हाथ से आवेदन-पत्र हिन्दी तथा उर्दू दोनों में भरेंगे

सेवा में,

रजिस्ट्रार,
विभागीय परीक्षायें, उ० प्र०,
इलाहाबाद ।

अनुक्रमांक----------

महोदय,

निवेदन है कि मैं उर्दू की वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा वर्ष 1978–79 में सम्मिलित होना चाहता हूं। इस परीक्षा में बैठने के लिये शासन के द्वारा जो भी बन्धन एवं शर्तें निर्धारित हैं, उनकी मुझे पूर्ण जानकारी है और नियमानुसार इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये पात्र हूं। मैं प्रमाणित करता हूँ कि मैंने न तो हाई स्कूल अथवा समकक्ष या उच्चतर कोई परीक्षा उर्दू विषय से उत्तीर्ण किया है और न तो किसी भी स्तर की कोई भी उर्दू परीक्षा उत्तीर्ण की है और न ही उर्दू मेरी मातृ भाषा है।

मेरा अन्य-विवरण निम्न प्रकार है:—

1—पूरा नाम----------
(हिन्दी तथा उर्दू में)----------

2—आयु----------
(हिन्दी तथा उर्दू में)----------
हाई स्कूल की प्रमाण-पत्र की प्रतिलिपि (संलग्न)

3—शैक्षिक योग्यता----------
(हिन्दी तथा उर्दू में)----------

4—पद----------
(हिन्दी तथा उर्दू में)

5—राजपत्रित अथवा अराजपत्रित----------
(हिन्दी तथा उर्दू में)

6—कार्यालय का नाम जहां कार्य कर रहे हैं----------
(हिन्दी तथा उर्दू में)

अतः अनुरोध है कि मुझे उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।

भवदीय,

हस्ताक्षर आवेदक (उर्दू लिपि में)

अग्रसारण अधिकारी प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि.....इस कार्यालय में.....दिनांक.....से कार्यरत है और उनके द्वारा पारित विवरण मेरी जानकारी में सही है तथा उपर्युक्त परीक्षा में बैठने के अधिकारी हैं।

अग्रसारण अधिकारी के हस्ताक्षर

दिनांक.....

पद

(मोहर)

पी0 एस0 यू0 पी0—ए0 पी0 45 सा0 सा0 प्रशा0—9-11-78—(2642)—1978—1,000 (हिं0)